# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे काशी : 24 जून को 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की करेंगे अध्यक्षता।
2. नगरीय निकायों को वित्तीय स्वायत्तता प्रदान करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया में किया गया संशोधन : नगर पंचायतों को एक करोड़ और नगर पालिकाओं को दो करोड़ रुपए तक के कार्य करने की अनुमति।
3. प्रदेश सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कल सभी जनपदों में वृहद पौधरोपण कराने का दिया निर्देश।

और

4. राज्य के कई जनपदों में रुक–रुककर बारिश का सिलसिला जारी, मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते तक गरज–चमक के साथ बौंछारे पड़ने का जताया अनुमान।

———————

वाराणसी में 24 जून को पहली बार 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसी पहुंचेंगे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी भाग लेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राज लिंगम ने बताया कि गृहमंत्री के आगमन और मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाइट...

*यह जो सेंट्रल जोनल काउंसिल की मीटिंग हर बार मुख्यालय में होती थी और इस बार यह वाराणसी में हो रही है। माननीय गृह मंत्री जी भी इसमें आएंगे और 4 राज्यों के माननीय मुख्यमंत्री और उनके साथ माननीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारी के बीच में प्रतिभाग करेंगे जो हमारे मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षण करके कुछ हम लोगों को निर्देश दिया गया। उसका भी हम अनुपालन कर रहे हैं।*

इस बैठक में सुरक्षा और विकास समत कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा होगी। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव, नीति आयोग, और अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि सहित लगभग 100 विशिष्टजन शामिल होंगे।

---

राष्ट्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में

प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति की बात कर रहे हैं– जो साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय और समावेशी ऊर्जा के लिए एक मजबूत प्रयास का एक दशक है।

*पिछले एक दशक में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र मे मजबूत वृद्धि हुई है। जून 2025 तक, देश की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 476 गीगावाट तक पहुँच गई है, जिसमें आधे से अधिक ऊर्जा गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आ रही है। सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा से ही 226 गीगावाट की क्षमता प्राप्त हुई है जिससे भारत अब सौर ऊर्जा में दुनिया में तीसरे और पवन ऊर्जा में चौथे स्थान पर है। अप्रैल 2018 तक भारत के 100 प्रतिशत गाँवों का विद्युतीकरण हो गया था और तब से 2 दशमलव 8 करोड़ से अधिक घरों को ग्रिड से जोड़ा गया है। बिजली की कमी 2014 में 4 प्रतिशत से घटकर अब सिर्फ शून्य दशमलव एक प्रतिशत रह गई है, जबकि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में 45 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पीएम–सूर्य घर योजना देश भर में घरों को रोशन कर रही है, वहीं पीएम–कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई प्रणाली प्रदान कर रही है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में क्षमता दोगुनी हो गई है और जलविद्युत, बायोमास और परमाणु ऊर्जा में भी स्थिर वृद्धि जारी है। इसी बीच, भारत का कोयला क्षेत्र आत्मनिर्भरता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक किया गया है जिसके चलते रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और आयात पर निर्भरता में महत्वपूर्ण कमी भी आई है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन तक, भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि एक स्वच्छ भविष्य की ओर भी बढ़ रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वेद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

नगर विकास विभाग ने प्रदेश के नगरीय निकायों को और अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। नगर विकास

विभाग ने वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी में संशोधन किया है। इसके तहत अब नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपए और पालिका परिषदों को दो करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की स्वायत्तता होगी। साथ ही नगरीय निकायों द्वारा करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों में होने वाली गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए पचास–पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूलने का भी प्रावधान किया गया है।

————————

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कल प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने वन विभाग को पूरे प्रदेश में वृहद पौधरोपण कराने का निर्देश दिया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष सुनील चाधरी ने सभी प्रभागों को निर्देशित किया है कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रत्येक जनपद में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। सभी प्रभागों द्वारा चयनित स्थल की जानकारी से आमजन को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिवारजनों की सहभागिता सुनिश्चित हो।

————————

प्रदेश सरकार ने जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण किया है। यह कार्य मिशन अमृत सरोवर योजना के तहत किया जा रहा है। इस अभियान मं गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक तथा प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी इस पहल में टॉप फाइव जिलों में शामिल रहे।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और समावेशी बनाने क क्रम में राज्य के 39 जिलों में 'मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों' का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। वहीं 10 अन्य जिलों में भी शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होने वाला है।

शेष जिलों के लिए शासनस्तर पर वित्तीय स्वीकृति एवं भूमि चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पेश है एक रिपोट...

*प्रथम चरण में समस्त 75 जिलों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण पूरा होने के बाद द्वितीय चरण में भी प्रति जनपद एक–एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय का निर्माण प्रस्तावित है। इस प्रकार प्रति जनपद दो मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण की कार्ययोजना है। इन विद्यालयों में प्री–प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की सभी कक्षाएं एक ही परिसर में संचालित होंगी। परियोजना के तहत प्रत्येक विद्यालय में 30 स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला और मिनी स्टेडियम और बड़ा खेल मैदान विकसित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

———————

नागर विमानन निदेशालय डीजीसीए ने आज भारतीय एविएशन सेक्टर की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए नया कॉम्प्रिहेंसिव स्पेशल ऑडिट फ्रेमवर्क जारी किया। यह ऑडिट गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में हुई एयर इंडिया दुर्घटना के बाद विमानन सुरक्षा मानकों की बढ़ती जांच के बीच लॉन्च किया गया है और इसका उद्देश्य डेटा–संचालित, जोखिम–आधारित और वैश्विक रूप से संरेखित दृष्टिकोण के माध्यम से देश के एविएशन सेफ्टी सिस्टम में सुधार करना है।

———————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एन.आई.ए. को पहलगाम आतंकी हमले की घटना में एक बड़ी सफलता मिली है। जांच एजेंसी ने हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने

बताया कि इनमें बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिलपार्क में रहने वाला बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने हमले में शामिल तीन हथियार बंद आतंकियों की पहचान उजागर की है। एजेंसी ने बताया है कि सभी आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और आतंकी गुट लश्कर–ए–तैयबा से संबद्ध थे। एनआईए के मुताबिक इन लोगों ने जानबूझकर तीनों आतंकवादियों को हमले से पहले हिल पार्क में पनाह दी।

——————

पर्यटन विभाग बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं में वृद्धि के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि सरकार इलाके के पर्यटन हेरिटेज स्थलों के विकास के लिए निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ावा दे रही है। बाइट....

*बुंदेलखंड क्षेत्र एक बहुत ही समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विद्यमान है। यहाँ पर हेरिटेज टूरिज्म को हम निजी सहभागिता से बढ़ावा दे रहे हैं जो हमारे जीर्णशीर्ण अवस्था में अवस्थित पुराने महल, किले और कोठियां थी। अब इन्हें हम अच्छे प्राइवेट सेक्टर प्लेयर्स को दे रहे हैं जो कि इनको एक अच्छे हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करें।*

——————

प्रदेश के कई जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। इससे कई जगहों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गई ह। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राजधानी लखनऊ सहित राज्य के मध्य और पश्चिमी

जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने अगले एक हफ्ते तक प्रदेश में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि निम्न दबाव का क्षेत्र मध्य उत्तर प्रदेश में बना हुआ है । बाइट...

*जैसा कि एक निम्न दबाव का क्षेत्र सेंट्रल उत्तर प्रदेश का बना हुआ है। साथ ही में एक लाइन पंजाब से लेकर बंगाल की खाड़ी तक जा रहा है जिसके असर से लखनऊ समेत प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होगा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किस जगह भारी वर्षा की संभावना है। भारी वर्षा बुंदेलखंड और सदन रीजन में भारी वर्षा की संभावना है।*

——————————